हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली बाइक रैली, की नारेबाजी



14 हैवी वाहनों के गुजरने से 45 साल पहले बना महानदी पुल...



कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc सीमित सीटें सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
PGDCA
DCA आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## सोलर सिस्टम की बैटरियां पर्याप्त चार्ज नहीं हो रही

# बारिश के मौसम में कई वन ग्रामों की बत्ती गुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



बारिश और बादल वाले मौसम के कारण रिजर्व फारेस्ट के 19 गांवों में ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है। ढंग से धूप नहीं मिलने के कारण सोलर सिस्टम चार्ज नहीं हो रहे हैं। इससे गांवों में बिजली की समस्या शुरू हो गई है। कई गांव तो ऐसे हैं, जहां पर दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है।

रिजर्व फारेस्ट के 19 गांव आज भी सोलर पावर प्लांट के भरोसे रोशन हो रहे हैं। इन गांवों के लिए कई बार विद्युत लाइन खींचने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। वह भी जंगल को बिना नुकसान पहुंचाए अंडरग्राउड विद्युत तार बिछाने के लिए केंद्र से अनुमति मांगी गई थी लेकिन केंद्रीय स्तर से रिजर्व फारेस्ट में विकास कार्यों के लिए स्वीकृति नहीं मिल रही है। यही कारण है कि इन गांवों में अभी भी सोलर पावर प्लांट के भरोसे बिजली आपूर्ति की जा रही है। क्रेडा द्वारा इन गांवों में ग्रामीणों को भरपूर पर्याप्त बिजली पहुंचाने के उद्देश्य से पावर प्लांट की क्षमता में वृद्धि भी की गई है, फिर भी ग्रामीणों की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। क्षमता वृद्धि के साथ ग्रामीणों की जरूरतें भी बढ़ गई है। पंखा, कूलर, मोबाइल, टीवी सहित अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण का वे उपयोग कर रहे हैं। लोड ज्यादा बढ़ने के कारण पहले ही ग्रामीणों को दिन भर बिजली नहीं मिल पा रही थी। अब बारिश के मौसम में समस्या और बढ़ गई है। पावर प्लांट को धूप कम मिलने के कारण बैटरियां ढंग से चार्ज नहीं हो पा रही हैं। इससे ग्रामीणों को 2-4 घंटे तक ही बिजली मिल रही है।

### इन गांवों में समस्या

क्रेडा से मिली जानकारी के अनुसार रिजर्व फारेस्ट में आमझर नीचेपारा, आमझर स्कूल पारा, गाडुलबाहरा नीचेपारा, गाडुलबाहरा उपरपारा, उजरावन खाल्हेपारा, उजरावन स्कूल पारा, उजरावन उपरपारा, आमाबहार शांति चौक, आमाबहार पटेलपारा, आमाबहार शीतला चौक, आमाबहार स्कूलपारा, बरपदर, बोइरगांव मुख्य बस्ती, चमेदा पारा, चमेदा बस्ती, चमेदा बस्ती कोंटापारा, डोडाझरिया गौरा चौक, डोडाझरिया स्कूल पारा, एकावरी स्कूलपारा, एकावरी ठाकुर पारा, फरसगांव बजरंग चौक, फरसगांव जंगलपारा, फरसगांव उपरपारा में सोलर प्लांट लगे हैं।

### रात में ज्यादा परेशानी

इन गांवों में रात के समय ज्यादा परेशानी हो रही है। पावर प्लांट से शाम को बिजली चालू की जाती है, लेकिन बिजली रात भर नहीं चलती। बीच में बैटरियों से चार्ज खत्म हो जाता है। बारिश के मौसम के चलते वन ग्रामों में जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। अंधेरे में यह समस्या और बढ़ जाती है। उल्लेखनीय है कि क्षमता वृद्धि कर इन गांवों में 30-45 केवी तक के पावर प्लांट लगाए गए हैं। इससे ग्रामीणों को पहले की अपेक्षा तीन से चार गुना ज्यादा बिजली दी जा रही है, लेकिन ग्रामीणों की जरूरत इतनी बढ़ गई है कि यह बिजली भी कम पड़ रही है।

# ये कैसा प्रतिबंध, खुलेआम निकल रही खदानों से रेत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

प्रतिबंध की धज्जियां उड़ाते हुए रेत खदानों से बदुस्तर अवैध रेत की निकासी जारी है। शहर से लेकर गांव तक ट्रैक्टर, हाइवा से रेत की सप्लाई जारी है। वहीं रेत खदानों में रेट कम्पिटिशन भी जारी है। जिले में बड़ी संख्या में भवन निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों के लिए बड़ी मात्रा में रेत की डिमांड है। डिमांड को पूरा करने के लिए मटेरियल सप्लायर प्रतिबंध की धज्जियां उड़ा रहे हैं। एक माह पहले ही एनजीटी के नियम के अनुसार सभी खदानों से रेत निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद खदानों से रेत की निकासी जारी है। अछोटा, कोलियारी, अमेठी, दर्री, खरेंगा सहित लगभग सभी रेत घाटों से अवैध रूप से रेत की निकासी हो रही है। अब तो इन खदानों के बीच रेट कम्पिटिशन भी शुरू हो गई है। कुछ खदानों में तो ट्रैक्टरों से मात्र 50 रुपए ही लिया जा रहा है। वहीं कई खदानों में 100 रुपए से 300 रुपए तक वसूली की रही है। जिन खदानों से प्लास्टर रेत निकल रही है वहां पर गाड़ियां ज्यादा लग रही है। वसूली भी इन खदानों में ज्यादा की जा रही है।

### खबर संक्षेप

#### हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस आज

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में 17 जुलाई गुरुवार को श्रीराम हिंदू परिवार के तत्वावधान में हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।



भगवान हनुमान की मूर्ति में चोला चढ़ाने एवं संपूर्ण श्रृंगार सुबह 10 बजे किया जाएगा। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन का कार्यक्रम होगा। प्रसादी वितरण के साथ ही शाम 5 बजे सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

#### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए शिविर 18 से

**कुरुद।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुरुद संभाग में अब तक 37 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत शहरी और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर 3 किलोवाट तक सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार की ओर से 30 हजार से 78 हजार रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से 15 हजार से 30 हजार रुपये तक कुल 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। कुरुद संभाग अंतर्गत नपं कुरुद एवं विद्युत विभाग कुरुद के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के लिए 18 जुलाई शुक्रवार को मंगल भवन कुरुद, 21 जुलाई सोमवार को दुर्गा मंच संजय नगर कुरुद एवं 23 जुलाई बुधवार को इनडोर स्टेडियम कुरुद में शिविर प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक लगेगा। कार्यपालन अभियंता छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कुरुद ने विद्युत उपभोक्ताओं से योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# नागदेव की पालकी यात्रा तीन वार्डों का भ्रमण करेगी

- हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025 की तैयारी शुरू
- काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान भी होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



नागपंचमी महोत्सव समिति हटकेशर के तत्वावधान में दो दिवसीय हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम प्रभारी दिलीप देवांगन ने बताया कि नगर के हटकेशर वार्ड में 11वीं शताब्दी से नाग देवता का मंदिर है। यहां के रहवासी प्रकृति पूजन का पर्व नागपंचमी को धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन घर घर से लोग श्रीफल, दूध, लाई, बताशा आदि से श्रद्धा के साथ नागदेव का पूजन करते हैं। यहां आस्था आज भी कायम है कि हटकेशर में सर्पदंश से किसी की मृत्यु नहीं होती है। दो दिवसीय नागपंचमी महोत्सव के तहत 28 जुलाई सोमवार को दोपहर 3 बजे नागदेव की पालकी यात्रा हटकेशर, सुभाषनगर, शीतलापारा वार्ड का भ्रमण करेगी। रात्रि में धार्मिक कार्यक्रम के बाद 29 जुलाई मंगलवार को सुबह 4 बजे से नागदेव का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, 5 बजे महाआरती के साथ श्रद्धालुओं के लिए नागदेव का पट खुलेगा। 8 बजे से काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर के आचार्य पंडित शिवा प्रसाद चतुर्वेदी के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया जायेगा। काल सर्प दोष से पीड़ित जातक अनुष्ठान में शामिल होने 28 जुलाई तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन शुल्क 2100 रुपए है। नागपंचमी के दिन सुबह खीर पूड़ी का प्रसाद बंटेगा। 12 बजे से भंडारा शुरु होगा।

# एनएचएम कर्मियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

- आज रायपुर में होगा आंदोलन





नियमितीकरण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने ताली व थाली के साथ जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ छग के आह्वान पर एनएचएम कर्मचारियों द्वारा नियमितीकरण सहित अपनी लंबित मांगों को लेकर 10 जुलाई से चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संघ की जिला इकाई द्वारा ताली व थाली रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की जाती है तो प्रदेश में एनएचएम के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने विवश हो सकते हैं। जिला संयोजक डॉ. ओमप्रकाश मत्स्यपाल ने बताया कि जिले में लगभग 550 एनएचएम कर्मचारी कार्यरत हैं। यह कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से सेवा देते आ रहे हैं। इस सरकार के कार्यकाल में हमारी समस्याओं के समाधान का वादा किया गया था लेकिन आज तक इस संबंध में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना महामारी में प्रधानमंत्री ने उन्हें कोरोना वारियर का दर्जा देकर पूरे देशभर में ताली व थाली बजवाई थी। लेकिन आज छग प्रदेश में कोरोना योद्धा अपनी मांगों को लेकर लाचार हो ताली-थाली बजाने विवश हो चुके हैं। चरणबद्ध आंदोलन की अगली कड़ी में 17 जुलाई को पूरे प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी राजधारी में एकत्रित होकर विधानसभा घेराव के लिए निकलेंगे।

इस दौरान डॉ. अखिल चन्द्राकर, दीपेश साहू, सुरेन्द्र साहू, हरेन्द्र देवांगन, गामिनी चन्द्राकर, खुशबू साहू, दीपा सिन्हा, नारायण साहू, लेमिन ध्रुव, टिकेश शर्मा, हीरामन साहू, खिलेन्द्र साहू, लीलेश सिन्हा, कामेश्वर, नागेश्वर लोधी सहित एरनएचएम के अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# आपरेशन तलाश में पुलिस ने लापता 52 लोगों को खोज निकाला

- महीने भर चलाए गए अभियान में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी







पुलिस ने आपरेशन तलाश चलाकर जिले से लापता हुए 52 महिला, पुरूष एवं बालिका को खोज निकाला है। महीने भर चले इस अभियान में लापता लोगों की तलाश करने में पुलिस को सफलता मिली है।

जिले में एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में बीते माह 1 से 30 जून तक आपरेशन तलाश संचालित किया गया। इस अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से लापता 52 महिला, पुरूष व बालिकाओं को सकुशल खोज निकाला गया। पुलिस ने इस अभियान के दौरान तकनीकी विश्लेशण, सोशल मीडिया इनपुट, परिजनों से प्राप्त जानकारी व सघन तहकीकात के माध्यम से यह सफलता अर्जित की है। विभिन्न जिलों व राज्यों से पतासाजी कर लापता 5 बालिकाएं, 39 महिलाएं एवं 10 पुरूष की तलाश की गई। इस खोजबीन में सिटी कोतवाली व भखारा थाना की टीमों द्वारा 10-10 तथा कुरूद थाना द्वारा 9 गुमइंसान की तलाश की गई, वहीं अन्य थाना क्षेत्र में शेष 23 लोगों को खोज निकाला गया।

### अभियान के बाद भी 23 लोगों की तलाश की

महीने भर चले आपरेशन तलाश अभियान के बाद भी पुलिस 1 से 15 जुलाई तक लगातार गुमइंसानों की तलाश जारी रखी। इस दौरान पुलिस ने पखवाड़े भर में 23 गुमइंसान की सफलतापूर्वक तलाश की जिसमें 2 बालक, 1 बालिका, 5 पुरूष एवं 15 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### पुलिस टीमों को एसपी करेंगे पुरस्कृत

इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली थाना कोतवाली, भखारा एवं कुरूद की टीम को पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है, जिससे पुलिस भविष्य में भी इसी ऊर्जा व समर्पण से कार्य करेगी।

### साइबर तकनीक से सुलझे संवेदनशील मामले

इस अभियान के दौरान सामने आए कुछ मामलों में गुमशुदगी के पीछे सोशल मीडिया एवं पारिवारिक विवाद जैसी संवेदनशील वजह सामने आई। जिसमें कुछ महिलाओं द्वारा इंस्टाग्राम व फेसबुक के माध्यम से हुई दोस्ती के चलते किसी अनजान व्यक्ति से मिलने के लिए घर छोड़ देने की बात सामने आई। कुछ महिला बहकावे में आकर विवाह के उद्देश्य से बाहर चली गई। वहीं कुछ महिला व पुरूष मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने पर अन्य क्षेत्र में भटक रहे थे। कुछ परिजनों की डांट फटकार से नाराज होकर घर छोड़ दूसरे प्रदेश चले गए थे। पुलिस ने सभी केस में गंभीरता, संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए सभी लापता लोगों को सकुशल तलाशकर परिजनों को सौंप दिया।

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन का चरणबद्ध आंदोलन शुरू



- केंद्र के समान देय तिथि से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता मांगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

विभिन्न मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी है कि 22 अगस्त तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वे एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला और विकासखंड मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

विगत दिनों 15 जून को छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी की बैठक हुई थी, जिसमें कर्मचारियों के हित में कई निर्णय लिए। मोदी की गारंटी पूरी होने पर इस बैठक में क्रमबद्ध आंदोलन का भी निर्णय लिया गया है। बुधवार से उनका क्रमबद्ध आंदोलन शुरू हुआ। प्रथम चरण में फेडरेशन ने अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। संघ के चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के अनुसार केंद्र के समान देय तिथि से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। लंबित एरियर्स का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमश 8, 16, 24 और 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने के उपरांत लागू किया जाए। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान के लिए स्वीकृत आदेश जारी किया जाए। कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए। अनुकंपा नियुक्ति, अर्जित अवकाश सहित अन्य मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा गया।

## महापौर ने सीएम से मुलाकात कर राशि की मांग की, मुख्यमंत्री ने दी सहमति

# रूद्रेश्वर घाट में बीस करोड़ से बनेगा रिवर फ्रंट कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी







तीर्थस्थल रूद्रेश्वर घाट में बरॉज के पास रिवर फ्रंट कॉरिडोर बनाया जाएगा जिसकी लागत 20 करोड़ रूपए होगी। मंगलवार को निगम महापौर रामू रोहरा ने छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर 20 करोड़ रूपए की मांग रखी, जिस पर श्री साय ने अपनी मौखिक सहमति दी है।

महापौर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि रूद्रेश्वर घाट रूद्री को विकसित करने की योजना है। बांध से पहले मंदिर के समीप महानदी में रिवर फ्रंट कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। यह क्षेत्र प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित है। डेवलप होने के बाद सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। लोगों को रोजागार मिलेगा। जिले को एक और नई पहचान मिलेगी। सर्वे के बाद काम जल्द शुरु किया जाएगा। रिवर फ्रंट में महानदी का सौंदर्यीकरण होगा। अस्थि विसर्जन के लिए जगह आरक्षित होगी। पर्यटकों के लिए स्थान बनेगा। नदी में फाउंटेन लगाया जाएगा, जो आकर्षक रहेगा। सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। सैलानियों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्रामगृह, प्रतीक्षारूम का निर्माण कराया जाएगा। विश्रामगृह के सामने बड़ा शेड लगेगा। महानदी किनारे शिवजी की विशाल प्रतिमा बनाई जाएगी।

### महापौर के प्रयास से सौगातों की बहार

महापौर निर्वाचित होने के बाद रामू रोहरा ने एक ही बात कही थी कि धमतरी का ऐतिहासिक विकास होगा। विकास कार्यों के लिए पैसा राजधानी दिल्ली और रायपुर से सीधे धमतरी आएगा। जनता जो चाहेगी वही होगा। यह बात अब सही साबित हो रही है। महापौर के प्रयास से धमतरी को बस स्टैंड के लिए 18 करोड़, आडिटोरियम के लिए 7 करोड़, नालंदा परिसर के लिए 5 करोड़, सीवेज प्लांट के लिए 5 करोड़ की स्वीकृति मिल चुकी है। अन्य और दर्जनों विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री एवं विभगीय मंत्रालय ने अपनी सहमति दे दी है। जिसमें रूद्री स्थित रिवर फ्रंट कॉरिडोर भी शामिल है। धमतरी को एक मजबूत जनप्रतिनिधि मिला है, जिससे जनता प्रसन्न है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन से महिला की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 30 वर्षीय देहोती नेताम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सिहारीनाला निवासी मेहत्तर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका रात को खाना खाकर सोई थी। अचानक रात में उल्टी करने लगी। पास में जाकर देखा तो कीटनाशक की बदबू आ रहा था और पास में कीटनाशक दवाई का डिब्बा पड़ा हुआ था। मृतिका की मौत 15 जुलाई को जहर सेवन करने से हुई है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 65 वर्षीय विश्राम मंडावी ने 7 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बतबनी निवासी अनिल मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नही चल पाया है।

### युवक की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत 19 वर्षीय प्रताप मंडल का 15 जुलाई को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। पीएचसी बांदे से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मृत्यु उपरांत अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### निगरानी समिति दिशा की आज होगी बैठक

**कांकेर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति यानी दिशा की बैठक सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में आज 17 जुलाई को गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय प्रगति तथा उसके पर्यवेक्षण संबंधी कार्यवाही पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

### महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में ऑनलाइन 23 तक है मौका

कांकेर। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 23 जुलाई निर्धारित गई है। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट के ऑनलाइन एप्लिकेशन 2025 पर क्लिक कर अपना पंजीयन एवं प्रवेश के लिए व्यवसाय-कोपा, हिन्दी स्टेनोग्राफी, साविंग टेक्नालॉजी, ड्रेस मेकिंग, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, विद्युतकार का चयन कर सकते है। आवेदकों के पंजीयन के लिये वेबसाइट पर यूजर मैन्यूअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### तालाबेड़ा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया

अंतागढ। विकासखंड अंतागढ के अंतर्गत संकुल केंद्र तालाबेड़ा के आश्रित ग्राम निबरा जो की घने जंगल और पहाड़ियों के बीच स्थित है। यहां पर शिक्षा का अलग जगाने संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य शोभाराम देहारी, दंतेश्वरी वट्टी जनपद सदस्य कोलर, शीतल नवको सरपंच तालाबेड़ा, बसंती हुसेंडी सरपंच भैंसगांव, वरिष्ठ व्याख्याता अनूप श्रीवास्तव, नल कैमरा, सुशीला कोमरे एवं संकुल केंद्र के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## निधन

### नोहर सिन्हा



**धमतरी।** ग्राम गाड़ाडीह (आर) निवासी नोहर सिन्हा (36) का निधन हो गया। वे कालिंद्री सिन्हा के पुत्र तथा घनश्याम सिन्हा, नोमश सिन्हा के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व ग्रामीण शामिल हुए।

देश की शीर्ष संस्था एनआईईपीए से प्राचार्य को आया बुलावा

# सेजेस सिंगपुर के 'मां भी स्कूल आएगी' अभियान की धमक दिल्ली तक पहुंची

- 18 जुलाई को 45 मिनट तक होगी लाइव स्ट्रीमिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

जहां चाह है वहां राह है कहावत सेजेस सिंगपुर में शत प्रतिशत लागू होता हुआ दिख रहा है। मगरलोड के दक्षिण पिछड़े क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में काफी कुछ परिवर्तन दिखाई दे रहा है। प्राचार्य के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम भावना एवं प्रतिबद्धता तथा शिक्षा के प्रति पालकों के सकारात्मक झुकाव ने विद्यालय में को-ऑपरेटिव लर्निंग कल्चर विकसित की है जिससे विद्यालय का वातावरण ही बदल सा गया है। इसका श्रेय जाता है विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम मां भी स्कूल आएगी को।

ज्ञात हो कि जिला स्तरीय




अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में 17 गांव 600 माताएं उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम के बाद माताओं के साथ ही पालकों का जो रुझान विद्यालय की ओर बढ़ा है। उससे शिक्षकों के साथ बच्चों का भी मनोबल बढ़ा है। माता पिता की जागरूकता एवं शिक्षकों की वचनबद्धता का ही कमाल है कि यहां कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम बहत्तर से शत प्रतिशत तो बारहवीं का परिणाम चौवन से शत प्रतिशत तक पहुंचा है। वाद्य यंत्रों के साथ संगीतयुक्त प्रार्थना से लेकर अंतिम कालखण्ड तक पूरे समय बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि बच्चे पढ़ना चाहते हैं।

यहां के नवाचार और गुड प्रैक्टिस से प्रभावित होकर एनआईईपीए के डायरेक्टर ने राज्य शासन के शीर्षस्थ अधिकारियों संचालक लोक शिक्षण,संचालक एससीईआरटी, एमडी समग्र शिक्षा को पत्र लिखकर प्राचार्य को लाइव स्ट्रीमिंग के लिये एनआईईपीए दिल्ली में 18 जुलाई को आमंत्रित किया है। पैंतालीस मिनट के इस लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम का18 जुलाई को शाम 5:30 बजे से 6:15 तक सीधा प्रसारण देखा जा सकता है। चौदह सूत्रीय शपथ सह घोषणा पत्र के परिपालन से विद्यालय उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा का कहना है कि विद्यालय में जो कुछ बदलाव दिख रहा है, वह साझा प्रयास से ही सम्भव हो पाया है। सभी शिक्षक टीम भावना के साथ काम करते हैं। बच्चे भी अनुशासित हैं।

एनआईईपीए के आमंत्रण पर एसएमडीसी अध्यक्ष धनंजय साहू, उपाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, सदस्य राधेलाल सिन्हा, अयूब खान, सुनीता ध्रुव, सरपंच लोमश साहू, उपसरपंच ज्योति तिवारी, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, इकरामुद्दीन रिज़वी, हरिराम मरकाम, सफीना बानो, जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह दीवान, रामायण सिन्हा, सुंदरलाल कुंजाम, राय सिंह, साम्वेल ग्वाल, सुनीता ध्रुव, अभिषेक ग्वाल, जितेंद्र गंगासागर, फणीश गंगासागर, डॉ हेमन्त साहू, जमाल रिजवी ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# सावन झूला झूलकर मातृशक्तियों ने मनाया सावन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद में प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार चंद्राकर भवन में मातृशक्तियों ने सावन महोत्सव मनाया। इस दौरान पारंपरिक हरे ड्रेस कोड के साथ सभी ने आपस में मिलकर एक दूसरे को सावन के आगमन की शुभकामनाएं दी। इस बीच विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ और सभी ने पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। इसके साथ ही सावन झूला झूलने की परंपरा का निर्वहन किया।

इस दौरान नेहा चंद्राकर, नमिता चंद्राकर, शीला चंद्राकर, प्रभा चंद्राकर, ममता, भारती, श्वेता, पूजा, बरखा, लक्ष्मी, रेणु, उर्वशी, परमेश्वरी, अनीता, अंजु, अंबिका, कल्पना, नर्मदा, गायत्री, रुचि, लता, नंदिनी, शकुन, दुर्गा, सविता, द्रौपदी, मीना, रतना, कविता, नंदिता, अंजलि सहित अनेक मातृशक्तियां उपस्थित थीं।

# नगरी से 31 दर्शनार्थी अयोध्या धाम के लिए निकले

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी जनपद सभाहाल में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना का शुभारंभ हो गया। अब दर्शनार्थी खुशी खुशी दर्शनीय स्थलों का दर्शन लाभ ले सकते हैं। जनपद सभाहाल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगरी जनपद सीईओ रोहित बोर्झा सहित



पार्षदगण, भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। नगरी ब्लाक 31 दर्शनार्थी अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया, जिन्हें भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने हरी झंडी दिखाई व सभी दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर क्षेत्र के जनपद सदस्य सहित जनपद के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# जरवायडीह में श्रावणी रामायण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

इस वर्ष भी गायत्री चौक जरवायडीह में जय दुर्गे मानस परिवार द्वारा गांव की सुख शांति के लिय श्रावणी रामायण का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सावन के पहले सोमवार से सावन के अंतिम दिवस तक होता है। उत्तरकांड का पाठ प्रतिदिन संध्याकालीन किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ पूजा-अर्चना कर किया गया।

मौके पर सरपंच पति चंदूलाल पाल, बैसाखूराम पटेल, जय दुर्गे मानस परिवार के अध्यक्ष भागीरथी



पटेल, उपाध्यक्ष गिरधर पटेल, सचिव झम्मन पटेल, व्याख्याकार शैलेन्द्र धनकर, दुर्गेश पटेल, हिंछाराम पटेल, केदारनाथ पाल, ओमेश्वर पाल, विजय देवदास, मनोज पटेल, कीर्तन देवदास, दयानंद पटेल, ठमेश्वर पटेल, बिरसिंह पटेल, पीतांबर पटेल, तिलक पाल, अर्जुन पटेल, चंदूलाल पटेल, प्रभुराम देवदास, ओमकार पटेल, चंद्रकुमार पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

# क्षेत्र की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जनपद सदस्य सिरधन सोम, ऋषि ओटी पूर्व सरपंच नवागांव, भगवानसिंह नेताम, भूपेन्द्र साहू, पीताम्बर सिंह ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। हाईस्कूल तुमड़ाबहार का हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन, ग्राम लीलांज में विद्युतीकरण, मेन रोड से लीलांज तक पक्की सड़क, अरसीकन्हार से जोरातराई तक पक्की सड़क, गहनासियार से भीरागांव तक पक्की सड़क, थाना



मेचका से डेम तक पक्की सड़क, उपस्वास्थ्य केंद्र से कासलोर तक पक्की सड़क, तुमड़ीबहार से दौड़ पंडरीपानी तक पक्की सड़क, सोंढूर डेम जीरो से लेकर ग्राम पंचायत ठेनही, ग्रापं बेलरबाहरा, ग्रापं नवागांव सां, ग्रापं छोटेगोबरा तक नहर नाली का विस्तार, स्कूलों में शिक्षक की कमी को पूरा करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

# जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर पटेल समाज ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पटेल समाज के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का चुनाव होगा। इसी संबंध में 16 जुलाई को कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज की बैठक ग्राम सिहावा के शाकम्भरी मंदिर में आयोजित की गई। पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकम्भरी व भगवान राम की पूजा-अर्चना कर बैठक प्रारंभ की गई।

बैठक में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज के अध्यक्ष



कन्हैयालाल कौशल ने जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सभी राज पदाधिकारी, ग्रामीण अध्यक्षों को विस्तार से जानकारी दी और समाज से जुड़ी अन्य गतिविधियों पर चर्चा की।

बैठक में कोसरिया मरार पटेल समाज खुटैत नारायणसिंह पटेल, अध्यक्ष कन्हैयालाल पटेल, उपाध्यक्ष डामेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, न्याय समिति सदस्य रामभरोस पटेल, सांकरा ग्रामीण क्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, नगरी क्षेत्र अध्यक्ष अघनूराम पटेल, घठुला क्षेत्र अध्यक्ष मानिक पटेल, सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राजू पटेल, सिहावा ग्रामीण उपाध्यक्ष लोकेश्वर पटेल, गणेशराम पटेल सहित अनेक समाजजन शामिल रहे।

# करेली बड़ी में अवैध शराब के खिलाफ उठाई आवाज

- बजरंग दल ने पुलिस चौकी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

उपतहसील करेली बड़ी में पुलिस चौकी होने के बाद भी अवैध कार्य पनप रहे है। शराब, तम्बाखू समेत अन्य अवैध कार्य पुलिस के होने के बाद भी बिना भय के हो रहे हैं।

मंगलवार को करेली बड़ी के बजरंग दल ने पुलिस चौकी करेली बड़ी पहुंचकर चौकी प्रभारी को आवेदन सौंपा और 15 दिवस में अवैध कार्य में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। तोपेश साहू



जिला गो रक्षा प्रमुख, दीपक साहू मगरलोड प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख, द्रोणकुमार यादव बजरंग दल करेली बड़ी सहयोजक, विकास साहू भेंडरी खंड गौ रक्षा प्रमुख, लोकेश साहू अध्यक्ष, हम्मन सिन्हा, गुलशन निषाद, नीलकमल निषाद, भूपेंद्र, दुर्गेश निषाद, कामेश साहू, लेखराम साहू, बाहदुर, तुलेश, भागवत साहू, दिनेश साहू, शिवकुमार, दीपक साहू, पूरन निषाद, प्रवीण साहू, शिवम ने बताया कि करेली बड़ी में लगातार गैर कानूनी रूप से कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा नाबालिग बच्चों के माध्यम से शराब एवं गांजा की बिक्री करवा रहे हैं जिससे गांव में अराजकता का माहौल है। पुलिस चौकी होने के बाद भी खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है। लोगों को आसानी से महंगी दर पर शराब मिल रही है।

पुलिस की कार्रवाई के बाद फिर से अवैध शराब बिक्री बढ़ जाती है। नशे की वजह से बच्चे, बूढ़े, जवान सभी नशे में डूबे रहते हैं। गांव के इस खराब माहौल के कारण बहू-बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। शराब की वजह से अपराध की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। बजरंग दल के सदस्यों ने आवेदन सौंपकर गांव और क्षेत्र की शांति के लिए कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर आंदोलन का रुख अपनाने की बात कहीं।

# भखारा में बस्ती पंचायत का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत भखारा में बस्ती पंचायत का गठन हुआ। बस्ती पंचायत के गठन होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी।

सीएम व मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय एवं जिला निर्देश पर कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ता व लंबित एरियर्स तथा अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकरी फेडरेशन ब्लाक कुरूद के पदाधिकारियों ने मांग पत्र मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को सौंपा। कर्मचारियों ने ब्लाक संयोजक अशोक निर्मलकर की अगुवाई में रैली के रुप में पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उनकी मांग सीएम तक पहुंचाने की बात कही।




इस अवसर पर संरक्षक देवेन्द्र दादर, हरीश देवांगन, योगेन्द्र चंद्राकर, हुमन चंद्राकर, वीरेंद्र बैस, कुलेश्वर सिन्हा, राजेश पाण्डेय, लक्ष्मणसिंह नरेटी, जितेंद्र सोनकर, हरिशंकर साहू, देवेंद्र मंडावी, भावना द्विवेदी, पारेश्वरी साहू, वर्षा केला, विनीता साहू, कन्हैयालाल ध्रुव, खुमान साहू, मनीष देव वर्मा, मिथिलेश कंवर, चैनसिंह साहू, दिगेंद्र कंवर, चन्द्रप्रकाश सेन, जेके साहू, ओमप्रकाश साहू, नंदकुमार हिरवानी, भुनेश्वर साहू, राकेश रजक, तुमनलाल कोसले, धनंजय ठाकुर, सीएल चंद्राकर, भावेश चंद्रवंशी, मकसूदन पटेल, रामदयाल साहू, बीके निर्मल, चन्द्रकुमार मनहर उपस्थित थे।

# आईटीआई में रिक्त सीट पर ऑनलाइन आवेदन शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नगरी में प्रवेश शुरू हो गया है। संयुक्त संचालक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, क्षेत्रीय कार्यालय के रायपुर के निर्देश अनुसार सभी ट्रेड पर आनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नगरी में कोपा 40 सीट विद्युतकार, 12 सीट मैकेनिकल डीजल, 24 सीट वेल्डर, 16 सीट फीडर 5 सीट सेविंग टेक्नोलाजी एससीवीटी 5 सीट, सेविंग टेक्निलाजी एससीवीटी एनसीवीटी 11 सभी ट्रेड में छात्रों द्वारा प्रवेश लिया गया। रिक्त पद कोपा 8 सीट, विद्युतकार 8 सीट, मैकेनिकल डीजल 24 सीट, वेल्डर 24 सीट, फीडर 15 सीट, सेविंग टेक्नोलाजी एससीवीटी 9 सीट, सेविंग टेक्नोलाजी एससीवीटी एनसीवीटी 11 सीट के लिए अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी प्रभारी प्राचार्य कंवर ने दी।

## अंचल की खबरें

### सेवानिवृत व्याख्याता ने छात्रों को बांटी पाठ्य सामग्री



**धमतरी।** शाउमावि बिरेतरा में अध्ययनरत कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने हिंदी विषय की सहायक पाठ्यवस्तु का वितरण किया।बच्चों को हिंदी विषय में श्रेष्ठतम अंक लाने के लिए कहा। पुष्कर ध्रुवंशी, जितेंद्र साहू, लेखराज, कृतांजलि, डिंपल, ओगिता, लीनादास तथा डमेश कुमार समेत हिंदी विषय की व्याख्याता श्रीमती खेदी साहू भी उपस्थित थी।

### बालक स्कूल में हुआ पौधारोपण



**धमतरी।** डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उमावि धमतरी में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि दयाराम साहू सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री भाजपा थे। अध्यक्षता हेमराज सोनी सांसद प्रतिनिधि ने की। विशेष अतिथि शिव नेताम, दर्शन जैन, केके साहू थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण में सहयोग करने की बात कही। अध्यक्ष श्री सोनी ने सभी विद्यार्थियों को अपने घरों के आसपास एक-एक पेड़ जरूर लगाने के लिए कहा। श्री नेताम एवं श्री जैन ने भी एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दी।

### सोशल क्लब ने तीन छात्राओं की वार्षिक फीस भरी



**धमतरी।** सोशल क्लब ने सराहनीय पहल करते हुए नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक धमतरी की तीन छात्राओं की पूरे वर्ष की फीस का वहन किया। रोली क्लास 7 के 6700 रूपये, लक्ष्मी सोनी क्लास 7 के 6700 रूपये, तेजल देवांगन क्लास 6 के 6700 रूपये कुल 20,100 की फीस का भुगतान कर इन बच्चियों को शिक्षा के मार्ग में प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सीमा अग्रवाल, रीटा लुंकड़, सरोज अग्रवाल, सुमित्रा अग्रवाल, डॉक्टर चटर्जी, अनु नंदा, दीपा अग्रवाल, ओमलता राठी, भारती कृदत्त, सरिता अग्रवाल, आशा गांधी, ममता अग्रवाल, मीना खंडेलवाल, डॉक्टर वर्षा जैन, अनीता अग्रवाल, माला महावार और स्नेहा अग्रवाल उपस्थित थीं। यह कदम समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरणादायक है।

### ग्रामीणों को दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश



**धमतरी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम सोरम में जनसंख्या दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूल के बालक बालिकाओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा उसेंडी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई एवं पॉक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम, महिलाओं के कानूनी अधिकारों, जनसंख्या दिवस के बारे में जानकारी दी। केन्द्र प्रशासक उषा ठाकुर ने सखी वन स्टॉप सेंटर से मिलने वाली पांच सुविधाओं, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं जेंडर विशेषज्ञ द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी निवास, शक्ति सदन, लैंगिक समानता, कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा सवाल भी किए गए। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से जेंडर विशेषज्ञ प्रियंका गंजीर, देवेंद्र साहू, सोरम स्कूल की प्रभारी प्राचार्या समेत स्कूल स्टॉफ मौजूद था।

### बोदलबाहरा स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला बोदलबाहरा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानमंत्री लीसा, उप प्रधानमंत्री डोमिन कंवर, शिक्षा मंत्री नम्रता, खेल मंत्री प्रकाश, स्वास्थ्य मंत्री रागिनी, स्वच्छता मंत्री धनेश्वरी, युरानी, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री नीरज, तरुण, रक्षा एवं कानून मंत्री टिकेन्द्र बने। प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा ने सभी को शपथ दिलाकर उनके कार्यों से अवगत कराया। शिक्षक अनिल कमार ने भी अपने विचार रखे।

फेडरेशन ने 11 बिंदुओं पर सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली बाइक रैली, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई मगरलोड द्वारा 11 बिंदुओं को लेकर रामलीला मैदान मगरलोड से बाइक रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय मगरलोड में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक प्रवक्ता डेवेश साहू ने कहा कि छग की वर्तमान सरकार चुनाव से पहले घोषणा पत्र में कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी के तहत कई सारी घोषणाएं की हैं। उसे तत्काल पूरा करना चाहिए तथा कर्मचारियों के हित में 11 बिंदुओं पर अतिशीघ्र फैसला लेते हुए उसका लाभ कर्मचारियों को देना चाहिए। प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केंद्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए, प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए, वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान 8 वर्ष 16 वर्ष 24 वर्ष एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने उपरांत लागू किया जाए, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृत आदेश जारी किया जाए, प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए, प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी किया जाए, वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, मप्र की भांति छग राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण दिया जाए। इसके अलावा कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन के अगले चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सभी जिला, विकासखंड तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू, प्रवक्ता डेवेश साहू, कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, सचिव मुकेश साहू, प्रचार मंत्री बेदराम साहू, सह प्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर, मीडिया प्रभारी प्रेमलाल साहू, टामेश्वर ठाकुर, श्यामलाल साहू, सूरज देवांगन, रोमेश सूर्यवंशी, व्यासनारायण चन्द्राकर, गोविन्द यादव, छगनलाल साहू, सूरज देवांगन, दीपकुमार साहू, रोहित दीवान, स्वप्निल बंजारे, होरीलाल साहू, मुकुंदराव वाहने, आत्माराम साहू, डागेश ध्रुव, वेदव्यास सूर्यवंशी, कुलेश्वर सिन्हा समेत अनेक दाधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत

- खेत में रोपा लगाने के दौरान हादसा, दो घायलों का अस्पताल में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम सोरम में खेत में रोपा लगा रही एक महिला की बुधवार दोपहर को मौत हो गई है। वहीं चपेट में आने से दो अन्य महिलाएं घायल हो गई। घायलों को इलाज अस्पताल में जारी है।

रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम सोरम निवासी लताबाई साहू पति रोशन लाल उम्र 35 बुधवार को गांव की रमोतिन निर्मलकर व ममता साहू के साथ गांव के खेत में रोपा लगाने गई थी। महिला अन्य महिला मजदूरों के साथ खेत में धान पौधों को रोपने का काम कर रही थी। इसी दौरान दोपहर में मौसम बदला और गर्जना के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच महिलाएं रोपा लगाने में व्यस्त थीं। इसी दौरान दोपहर 3 बजे के लगभग तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। रोपा लगा रही लता बाई बिजली की चपेट में आने से खेत में ही अचेत हो गई। वहीं साथी महिला मजदूर रमोतिन व ममता भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। इस घटना में रमोतिन गंभीर रूप से घायल हुई है, वहीं ममता मामूली रुप से झुलसा गई।

### परिजनों को सौंपा शव

दोनों महिलाओं को ग्रामीणों ने अचेत हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद लता को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रमोतिन को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बिजली की चपेट में आने से रमोतिन का शरीर काम नहीं कर रहा है। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### ग्राम रतावा में किसानों को सबमर्सिबल पम्प प्रदान किया

**नगरी।** सांस्कृतिक भवन रतावा में सोलर नलकूप उजला योजनान्तर्गत कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को उमेचंद देव सरपंच ने सबमर्सिबल पम्प प्रदान किया। मौके पर कृषक मित्र कृष्णकुमार मरकाम, योगेश नेताम ग्राम पटेल, केदार मंडावी ग्राम समिति अध्यक्ष, पुनीत सलाम, हंसराज देव, सुरेश नेताम, विजय सलाम, जसवंत सलाम उपस्थित रहे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में लेटरल एंट्री

- आवेदन 21 से 26 जुलाई तक मंगाए गए, प्रवेश परीक्षा 3 अगस्त को

**धमतरी।** शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह, नगरी में कक्षा 7वीं, 9वीं और 11वीं की कक्षाओं में रिक्त सीटों की पूर्ति लेटरल एंट्री के माध्यम से की जानी है। इसके लिए 21 से 26 जुलाई तकएकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 3 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सीबीएससी पाठ्यक्रम में लेटरल एंट्री का चयन प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक मेरिट के आधार पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का किया जाएगा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में कक्षावार लेटरल एंट्री के लिए रिक्त सीटों की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 3 विद्यार्थियों का चयन लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए किया जाएगा। इनमें कक्षा 7वीं में बालिका के 1, कक्षा 9वीं में बालक का 1 और कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में बालक का 1 सीट शामिल है।

## कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी लागू करने की मांग

- आज ब्लॉक स्तर पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने ज्वलंत मुद्दों को लेकर मांगों को पूरा कराने के लिए दो चरण में कलम रख मशाल उठा आंदोलन करने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

16 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा जाएगा। आंदोलन के द्वितीय चरण में 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहकर जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया है कि उनकी मांगे प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जावे। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने उपरांत लागू किया जाए। सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी किया जाए।



प्रदेश में अन्य भाजपा शासत राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए। प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी किया जाये। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। मध्यप्रदेश की भांति छग राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण दिया जाए। प्रदेश के शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना की जाये। साथ ही पूर्ण पेंशन की पात्रता हेतु नीति निर्धारित की जावे। प्रदेश के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाए। प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, संविदा एवं दैनिक वेतन कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाए।

## मोदी की गारंटी लागू करवाने कर्मचारियों ने निकाली रैली

- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर नगरी ब्लॉक के सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 11 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने के लिए दो चरण में कलम रख मशाल उठा आंदोलन के तहत प्रथम चरण में कर्मचारी - अधिकारी ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव के नेतृत्व में 16 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर आवाज बुलंदकर नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा।

श्री ध्रुव ने बताया है कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने उपरांत लागू किया जावे। सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी किया जाए।

प्रदेश में अन्य भाजपा शासत राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए।। प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी की जाये। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। मध्यप्रदेश की भांति छग राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण दिया जावे। प्रदेश के शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना समेत अन्य मांगों को लेकर रैली निकाली।

मौके पर ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव, पेंशनर्स समाज अध्यक्ष आरएल देव, केके परिहार, एएल बनपेला, तहसील संयोजक सुरेंद्र नेताम, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, अशोक साहू, महासचिव गिरीश जायसवाल, प्रवक्ता केपी साहू, दिनेश साहू, चंद्रहास शांडिल्य, शेष सोम, टीपी शेर, मोहन कुरू, कृपाराम मरकाम, यशवंत साहू, पदुम साहू, भोजराम साहू, कमलेश मंडावी, लक्ष्मीनाथ ओटी, केसरी साहू, कुसुम यादव, सुनीता मंडावी, श्यामलाल सोनवानी, बलराम सोरी, अजय साहू, परमेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, राजेंद्र साक्षी सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने बिजली ऑफिस भखारा का किया घेराव

- बिजली कटौती एवं बिजली दर में वृद्धि का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी




ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा ने बिजली कटौती एवं बिजली दर में वृद्धि के विरोध में बिजली ऑफिस भखारा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से छत्तीसगढ़ प्रदेश के हर वर्ग के लोग त्रस्त हैं। बिजली बंद करने का न कोई समय नहीं है। बिना पानी बरसात, हवा तूफान भी नहीं होने पर बिजली बंद कर दी जाती है। अधिकारी फोन नही उठाते हैं।

बिजली बिल की दर वृद्धि से आम जन परेशान हैं। क्षेत्र में जगह-जगह सब स्टेशन हैं लेकिन बिजली कहां जाती है, पता नहीं। मेंटेनेंस के नाम पर खुली लूट चल रही है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल है। किसानों को ट्यूबवेल, गांव में नल जल और बिजली बहुत आवश्यक है लेकिन इस सरकार को आमजन से कोई सरोकार नहीं है। स्कूल बंद, स्कूल में पुस्तकों की कमी, हॉस्पिटल में डाक्टर की कमी है।

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने इसे साय सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि ऐसी सरकार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। मौके पर पूर्व जपं अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष द्वय भरत नहर, विनोद साहू, प्रभारी महामंत्री होमेन्द्र साहू, नेता प्रतिपक्ष बिट्टू गौर, संतोषी निषाद, रामचंद्र साहू, संतोष साहू, गजेंद्र साहू, एनसिंह साहू, रूपचन्द्र साहू, राजा बंजारे, अनिल निर्मलकर, युकां पुखराज साहू, कमलनारायण साहू, विनय साहू, मेघु साहू, भानु गायकवाड़ पार्षद, नितेश मानिकपुरी, एवन साहू, लेखराम यादव, विवेक साहू, मुकेश साहू, कुलेश्वर साहू, नंदलाल साहू, गीतेन्द्र साहू, मिंटू साहू सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## जनपद अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रामलला दर्शनार्थियों को रवाना



**मगरलोड।** राम लला के दर्शन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की श्रीराम लला दर्शन योजना के अंतर्गत मगरलोड जनपद क्षेत्र से मंगलवार को जनपद पंचायत मगरलोड के सामने 28 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू एवं उपाध्यक्ष खिलेश साहू ने श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि छग सरकार की यह योजना जनआस्था को सम्मान देने वाली है। श्रद्धालुजन निःशुल्क अयोध्या जाकर श्रीराम लला के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह योजना जनता के लिए एक बड़ी सौगात है, जिसमें उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को न केवल धार्मिक अनुभव प्राप्त होता है, बल्कि यह उन्हें मानसिक शांति और संतोष भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू ने कहा कि धार्मिक पर्यटन से समाज में सद्भाव और एकता की भावना मजबूत होती है। श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छग से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस अवसर जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जनपद अध्यक्ष ने किया छिपली में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

- शेड निर्माण से सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में सुविधा होगी : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



जनपद विकास निधि के तहत ग्राम पंचायत छिपली में 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही टिन शेड निर्माण की मांग अब पूरी हो रही है। इस शेड के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, सरपंच नारायण साहू, उपसरपंच श्रीमती प्रमिला निर्मलकर, सचिव अन्नु ध्रुव, रोजगार सहायक मोती साहू, पंचगण टीकम साहू, गुलाब साहू, किशन साहू, घनश्याम साहू, सरोज बाई साहू, शकुनबाई साहू, कुलेश्वर साहू, राजेश्वरी साहू, सोनईबाई ध्रुव, रेखा यादव, महेश्वरी पटेल, मनोहर साहू, रमेश साहू, बृजलाल साहू, डॉ नरेंद्र साहू, चम्पालाल, हेमंत साहू, चुन्नीलाल साहू सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जनपद अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि जनपद विकास निधि का उद्देश्य गांव-गांव में विकास कार्यों को गति देना है। शासन की मंशा के अनुरूप विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### हनुमान सिंह निर्वाचन अधिकारी बने

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में हनुमान



सिंह वर्मा के नाम को जिला शाखा निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रस्तावित कर अनुमोदन के लिए डॉ. डीपी मनहर प्रंतीय अध्यक्ष को भेजा गया था। अनुमोदन के बाद हनुमान सिंह वर्मा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चंद्राकर, होलाराम परिहा, यशकरण गजेन्द्र, अरूण गौर, राजकुमार मिश्रा, लालाराम महेन्द्र, कृष्णा साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### वायुसेना अग्निवीर भर्ती की अंतिम तिथि 31 तक

**धमतरी।** भारतीय वायुसेना अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीर वायु भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन 11 जुलाई 2025 से शुरू हो चुका है। पंजीयन हेतु पोर्टल 31 जुलाई 2025 को रात्रि 11 बजे तक खुला रहेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी जन्म तिथि 2 जुलाई 2005 और 2 जनवरी 2009 के मध्य हुई हो, वे ऑनलाइन पंजीयन हेतु पात्र होंगे।

### चाकू लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजा खान पिता जाफर खान (27 वर्ष) निवासी संत रविदास गार्डन के सामने बैसाखू गली महासमुंद, संजय कानन के पास एक धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे मौके पर पहुंचकर पकड़ा गया और आरोपी के पास से एक स्टील का चाकू बरामद किया गया।

### ज्वेलरी शॉप से 90 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग स्थित एक ज्वेलरी शॉप से 90 हजार के सोने-चांदी के सामानों की चोरी के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी जयंत अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल का ग्राम भोरिंग में धान मंडी के सामने मां शारदा ज्वेलर्स नाम से दुकान है। प्रार्थी को 16 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे उसके दुकान का ताला टूटने की सूचना मिली, जब प्रार्थी ने जाकर देखा तो दुकान का ताला टूटा था और एक साइड से शटर खुला था। अंदर जाकर देखा तो सोने की पुल्ली 60 नग कीमत लगभग 60000 रुपए, चांदी का चोटी एवं अंगूठी कीमत लगभग 30000 रुपए कीमत 90000 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली।

---

नए पुल के लिए 58 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है : इंजीनियर चंद्राकर

# हैवी वाहनों के गुजरने से 45 साल पहले बना महानदी पुल हिलने लगा, नया बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगरी-धमतरी-उड़ीसा को जोड़ने वाला महानदी पुल अब जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। 45 साल पहले बने इस पुल में हैवी वाहनों के गुजरने से पुल हिलने लगता है। कंपन के कारण राहगीर परेशान रहते हैं।

क्षेत्र के ग्राम श्यामलाल देवांगन, हीरूराम मरकाम, दीनदयाल ध्रुव, संतराम सोनकर, ललित निषाद, कीर्तन साहू का कहना है कि धमतरी और नगरी क्षेत्र को जोड़ने वाला साधन एकमात्र पुल है जिसकी स्थिति खराब है। पहले की तुलना में अब वाहनों की संख्या बढ़ गई है। हजारों हैवी वाहनों के गुजरने से पुल पर कंपन होता है। यात्री ठिठककर रूक जाते हैं। ऐसा अंदेशा रहता है कि कब क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ग्रामीण इसके लिए ज्ञापन, प्रस्ताव, आवेदन जिला प्रशासन को कई बार सौंप चुके हैं, लेकिन पुल निर्माण की स्वीकृति अभी तक नहीं हुई है।

विदित हो कि महानदी पर बनाया गया पुल 45 साल पुराना है। इसका निर्माण 1980 में हुआ था। टू लेन होने के कारण यातायात सुगम नहीं रहता। उस समय पुल की लागत 2.70 करोड़ थी। पुल की लंबाई 682 मीटर है। यह पुल सीधे उड़ीसा को जोड़ता है। यह पुल 21 पिल्लर स्तंभ पर खड़ा है।

सेतु निर्माण विभाग के इंजीनियर आदित्य चंद्राकर ने बताया कि पुराने पुल के समीप नया पुल बनाने की योजना है। नापजोख, सर्वे, जगह चिन्हांकन के कार्य के बाद 58 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति होते ही काम चालू हो जाएगा। नया पुल थ्री लेन होगा। पुराना पुल यथावत रहेगा। नया पुल 900 मीटर लंबा 13 मीटर चौड़ा होगा। पुराने पुल की मरम्मत लगातार की जा रही है ताकि आवागमन सुलभ हो सके। पुराने पुल की रेलिंग, स्पासन, ज्वाइंटर की मरम्मत की गई है। डामरीकरण हो चुका है।

## किसानों के लिए राहत की बारिश





**धमतरी।** बुधवार को धमतरी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में राहत की बारिश हुई। दोपहर 2.30 बजे झमाझम बारिश हुई। आधा-एक घंटे की बारिश से जनजीवन थम सा गया था। सावन लगने के बाद अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहर खिल उठे हैं। किसानों ने अपनी खेतों में रोपाई कर ली थी। इस बरसात से उनको फायदा होगा।

## बिलाईमाता मंदिर की पुजारी कमेटी के नीलकमल अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिलाईमाता मंदिर की पुजारी कमेटी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

अध्यक्ष नीलकमल शर्मा पिता स्व. पंडित परमानंद शर्मा दर्री बनाए गए। उपाध्यक्ष शुभम् दुबे रायपुर, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र राजा तिवारी पिता सुरेंद्र प्रसाद तिवारी गुजरा, सचिव ऋतुराज शर्मा स्व. दिनेश शर्मा दर्री, सहसचिव विजय शर्मा पिता कृष्ण कुमार शर्मा दर्री, संरक्षक मुरली मनोहर शर्मा दर्री रायपुर, नारायण दुबे धमतरी, राजेंद्र चतुर्वेदी किकिरमेटा रायपुर बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में अंकित शर्मा, यशनारायण दुबे, उमाशंकर शर्मा, गुड्डु तिवारी, होमन शर्मा, पंकज तिवारी, अविनाश शर्मा शामिल हैं।

### गायत्री मंदिर गुजरा में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

**कोर्रा(भखारा)।** गुरू पूर्णिमा पर्व पर गायत्री मंदिर प्रज्ञा पीठ इकाई गुजरा में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पुंसवन संस्कार श्रीमती हीरा पति तुलेश्वर साहू का संपन्न हुआ। इस दौरान रोहित साहू प्राचार्य शाउमावि गुजरा, ग्राम पटेल नंदलाल साहू, गुहलेदराम साहू गायत्री परिवार का सम्मान किया गया।

## बैंक में धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नकदी और बाइक बरामद

- साइबर टीम और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से खुला दो मामलों का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धोखाधड़ी कर रकम उड़ाने वाला दुर्ग निवासी शातिर चोर को धमतरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नकदी और बाइक बरामद की गई है। पूर्व में भी इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

2 जुलाई 2025 को प्रार्थिया आशा बाई सिन्हा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपने बैंक खाता में 40,000 रूपये जमा करने बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिहावा चौक पहुंची थी। उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने नोटों को उलटा रखा है, मैं सीधा कर देता हूं कहकर धोखे से 11,000 रूपये की रकम निकाल ली और फरार हो गया।

इस मामले में थाना कोतवाली में धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मुखबिर की सूचना पर संदेही अख्तर अली पिता शौकत अली उम्र 51 वर्ष, निवासी केलाबाड़ी वार्ड क्रमांक 40, थाना सिटी कोतवाली दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने न केवल आशा बाई से 11,000 की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया, बल्कि यह भी बताया कि उसने दिनांक 9 जून 2025 को ग्राम भखारा में एक वृद्ध व्यक्ति से भी 20,500 की धोखाधड़ी की थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दोनों वारदातों की राशि का अधिकांश हिस्सा खाने-पीने और घूमने-फिरने में खर्च कर दिया गया, शेष 3,000 रूपये व 1,000 रूपये नकद पास में होना बताया। घटना में प्रयुक्त होण्डा साइन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एम 3824 को भी आरोपी ने पेश किया, जिसे मौके से जब्त किया गया। शिनाख्त किए जाने के उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## गांवों की समस्याओं को लेकर जनपद अध्यक्ष ने महापौर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गांवों की समस्याओं को लेकर सरपंचों के साथ जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। ग्रामीणजनों की मांग को महापौर से अवगत कराया। महापौर ने तुरंत कॉल के माध्यम से निराकरण किया और लीलर, अरौद, जवरगांव, मोहलाई, सियादेही गांवों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव के साथ सरपंच अरौद टिकेश्वरी साहू, जवरगांव सरपंच लीलाराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष बूढ़ेश्वर, ग्राम पटेल ईश्वर सिन्हा, युवा मोर्चा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा, युवा मोर्चा महामंत्री धर्मराज सिन्हा, बूथ अध्यक्ष सुशील निषाद, कार्यकारिणी सदस्य चैनू सोरी, सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, गोदावरी सिन्हा समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## एमपीएसईडीसी ने मोबाइल वेब बेस्ड साफ्टवेयर के उपयोग पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कलेक्टर अबिनाश के मार्गदर्शन में नक्शा प्रोजेक्ट अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर पालिक निगम सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। मधुहर्ष देवांगन उपायुक्त भू अभिलेख छग एवं स्टेट नोडल अधिकारी, दीपचंद भारती मास्टर ट्रेनर द्वारा तीसरे चरण के प्रथम दिवस निगम व राजस्व विभाग के संयुक्त सर्वेक्षण दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दो दिवस सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। तृतीय दिवस एमपीएसईडीसी की टीम द्वारा मोबाइल वेब बेस्ड साफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में प्रायोगिक ज्ञान, चौथे दिवस सर्वे आफ इंडिया की टीम द्वारा जीएनएसएस रोवर,ई टीएस के संबंध में प्रैक्टिकल के साथ कंप्यूटर लैब में डेटा कन्वर्जन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। अंतिम दिवस हैंड्स आन प्रैक्टिस और फीडबैक के लिए फील्ड कर्मचारियों का टेस्ट लिया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामू रोहरा महापौर ने प्रशिक्षणार्थियों को निगम की संकल्पना, रोडमैप, अभिलेख सुधार, पारदर्शी पूर्ण अभिलेख निर्माण, उपरांत टैक्स कलेक्शन की अवधारणा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रिया गोयल आयुक्त नगर पालिक निगम एवं नोडल अधिकारी नक्शा प्रोजेक्ट, इंदिरा नवीन सिंह, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख, सार्वा उपायुक्त निगम, मधुकर सिरमौर, ख्याति कंवर द्वय अधीक्षक भू अभिलेख, तहसीलदारगण, नायब तहसीलदार, सहायक अधिक्षक भू अभिलेख, विजय यादव सहायक प्रोग्रामर आयुक्त कार्यालय रायपुर, मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन की टीम, निगम के इंजीनियर द्वय, राजस्व निरीक्षकगण पटवारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक(निगम) एवं निगम के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## जन न्याय पदयात्रा में शामिल हुए पवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश सचिव एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल के नेतृत्व में प्रदेश एवं गरियाबंद जिले की चौदह सूत्रीय मांग को लेकर जन न्याय पदयात्रा की जा रही है।

अभनपुर से देवपुरी तक पदयात्रा में मोहला मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी, विक्रांत पवार, गोलू रणसिंह, देवेंद्र देवांगन शामिल हुए। विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि बिन्द्रानवागढ़ के 126 गांवों में विद्युतीकरण, महाविद्यालय, सहकारिता बैंक, स्वास्थ कर्मचारियों की भर्ती, जलाशय स्वीकृति को लेकर आवाज उठाई गई।

आनंद पवार ने कहा कि जब से भाजपा सरकार प्रदेश में बैठी है तब से रेती की खेती खुलेआम हो रही है। युक्तियुक्तकरण से दस हज़ार से अधिक स्कूलों को बंद करना सरकार अपनी निजीकरण नीति को खुलेआम बढ़ावा दे रही है। आकाश शर्मा ने बताया कि सरकार में बेरोजगारी दर बढ़ गई है।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### विद्यालय समिति के अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

**आमदी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती, कन्या भारती के पदाधिकारी के चयन के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष टुकेश्वरी साहू, विधि साहू, दानेश विश्वकर्मा, तेजस्वी कुंभकार, उपाध्यक्ष सूरज, नेहारानी साहू, चंद्रकुमार पटेल, गेतिका सिंहा, तनुजा ध्रुव, नंदिनी, पारुल, चेतन, पुष्पांजलि साहू, मुकेश कुमार, सेतुकुमार, सीता कोसरिया, जान्हवी, निधि, लक्ष्मी, लक्ष्मी, ईशांत, दुर्गेश चांदनी, पायल, मीनाक्षी, भूमिका, पूजा फलेंद्र, दीक्षा, अर्पिता, विदित, देविका क्षमा, मानवी साहू, लक्ष्मी, टार्जन, नागेश, युवरानी, मानवी चक्रधारी, रूद्र, टोमेंद्र, ईशा, लक्ष्य ने शपथ ग्रहण किया।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सहकारिता का महत्पवूण योगदान : दयाराम

- प्रदेश स्तरीय सहकार भारती की बैठक में विभिन्न सोसाइटी के पदाधिकारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश स्तरीय सहकार भारती बैठक में प्रदेश, जिला, विकासखंड एवं ग्रामीण स्तर पर सहकारिता के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा किसानों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकार से समृद्धि, सहकारिता के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्ययोजना तैयार करना था। बुनकर, मत्स्य एवं दुग्ध, पैक्स सहकार भारती के की सदस्यों ने अपना अनुभव साझा किया। बैठक में कनी राम नंदेश्वर प्रदेश महामंत्री सहकार भारती छत्तीसगढ़, लखनलाल गुरुपंच सहकार भारती प्रदेश कार्य समिति छत्तीसगढ़, दयाराम साहू प्रदेश मंत्री सहकार भारती, डॉ. एनके साहू प्रदेश संयोजक जैविक खेती सहकार भारती छत्तीसगढ़, हिरेंद्र साहू जिला अध्यक्ष सहकार भारती धमतरी, तरुण साहू जिला महामंत्री एवं सहकारिता के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मौजूद रहे।

प्रदेश मंत्री दयाराम साहू ने सहकारिता का ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्या योगदान हो सकता है तथा क्या कार्य योजना बनाई जा सकती है, उस पर चर्चा की। जैविक कृषि संयोजक डॉ एन के साहू ने खेती के वर्तमान परिवेश पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉ बीथिका विश्वास, अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी, घनश्याम साहू व्याख्याता संघ प्रचारक, राजेंद्र शर्मा पूर्व सभापति, श्रीमती मोनिका ऋषभ देवांगन जिपं सदस्य सभापति, सुशीला तिवारी पूर्व पार्षद, श्रीमती श्यामा साहू पूर्व जिपं सदस्य, सरिता यादव पूर्व पार्षद, विजय साहू पूर्व पार्षद, हेमंत चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष भोथली, उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, यतीशभूषण श्रीवास्तव अध्यक्ष सहकारी समिति कंडेल, गणेशप्रसाद साहू व्याख्याता, सोनाराम साहू अध्यक्ष सहकारी समिति भोथली, शेखन साहू सहकारी समिति अध्यक्ष खरेंगा, केशव साहू समिति अध्यक्ष रांवा समेत विभिन्न सोसाइटी के अध्यक्ष मौजूद थे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले पूर्व मंडी अध्यक्ष



**धमतरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज से रायपुर देवेंद्र नगर जाकर पूर्व मंडी अध्यक्ष नगरी सिहावा राजेंद्र सोनी ने मुलाकात की। उनके जन्मदिन की खुशियां बांटी।

### युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर प्लेसमेंट का मौका

**धमतरी।** जिले के कौशल प्राप्त युवाओं को बेहतर प्लेसमेंट से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में द कॉन्फीडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया क्रेडाई और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से राज्य समन्वयक स्किलिंग प्रोग्राम डॉ. विद्यासागर तथा क्रेडाई की ओर से राज्य सचिव अभिषेक ने कलेक्टर श्री मिश्रा की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज